प्रेषक,

महा निदेशक,
स्कूल शिक्षा,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांक नि0वि0/आर0टी0ई0 /5884/2019–20 दिनांक 11 फरवरी 2020

विषयः **निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा–1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में ऑनलाइन प्रवेश हेतु समय–सारिणी के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 582/79–5–2016–29/2009 टी0सी0–11 दिनांक 03 मार्च 2018 के द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत "अलाभित समूह" एवं "दुर्बल वर्ग" के बच्चों को कक्षा–1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये है जिसके कम में निम्नवत समय–सारिणी निर्धारित की जा रही हैः–

चरण	आवेदन करने की तिथियाँ (आनलाइन/आफलाइन) वर्ष 2020	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र (आनलाइन/आफलाइन) का सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की अन्तिम तिथि वर्ष 2020	लाटरी निकालने की तिथि	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों का गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में प्रवेशित कराये जाने का दिनांक
प्रथम	02 मार्च– 26 मार्च	27 मार्च – 30 मार्च	31 मार्च, 2020	05 अप्रैल, 2020
द्वितीय	04 अप्रैल–24 अप्रैल	25 अप्रैल–29 अप्रैल	30 अप्रैल, 2020	11 मई, 2020
तृतीय	04 मई – 10 जून	11 जून – 15 जून	16 जून, 2020	15 जुलाई, 2020

अतः आपको निर्देशित किया जाता है उपरोक्तानुसार निर्धारित समय सारिणी का संज्ञान रखते हुये आवश्यक कार्यवाही अपने–अपने जनपदो में समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

भवदीय

O/C (विजय किरन आनन्द)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0सं0/आर0टी0ई0/स0शि0/5004/2019–20 दिनांक ~~जनवरी~~ 2020

प्रतिलिपि–

1– अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2– निदेशक, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4– अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक), शिक्षा निदेशलय, प्रयागराज।
5– समस्त मुख्य विकास जिलाधिकारी, उ0प्र0।
6– समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, (बेसिक), समस्त मण्डल उ0प्र0।

UI (विजय किरन आनन्द)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned by CamScanner